## संपादकीय

# ये पूरा घटनाक्रम संदिग्ध

अनुमान लगाया गया था कि तालिबान की सरकार बनने से अफगानिस्तान में आतंकवादी गुटों के लिए अनुकूल स्थितियां बनेंगी। लेकिन फिलहाल उसका उलटा होते दिख रहा है। इसलिए इस घटनाक्रम को लेकर जिज्ञासा पैदा हुई है।

कुछ रोज पहले खबर आई कि अमेरिका के ड्रोन हमले में अल-कायदा प्रमुख अयमान अल-जवाहिरी मारा गया है। बाद में अंतरराष्ट्रीय मीडिया में इससे जुड़े कई कयास लगाए गए। कुछ रिपोर्टों में कहा गया कि अल-जवाहिरी को मार गिराने में अमेरिका का सहायक पाकिस्तान बना। इस सिलसिले में उल्लेख किया गया कि कुछ रोज पहले पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा ने अमेरिकी विदेश उप मंत्री वेंडी शरमन से बात की थी। इस दौरान उन्होंने आईएमएफ से पाकिस्तान को कर्ज दिलवाने में अमेरिका की मदद मांगी थी। कयास यह लगाया गया कि इस मदद के बदले अमेरिका ने अल-जवाहिरी का पता पूछा। अल-जवाहिरी अफगानिस्तान में जहां छिपा था, वह मकान हक्कानी गुट के नेता का था। ये गुट अब अफगानिस्तान सरकार का हिस्सा है। तो अल-जवाहिरी मारा गया। उसके कुछ ही रोज बाद खबर आई कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का एक बड़ा आतंकवादी अफगानिस्तान में अपने तीन सहयोगियों के साथ मारा गया है।

टीटीपी पाकिस्तान के लिए सिरदर्द बना हुआ है। मारे गए एक आतंकवादी के सिर पर 30 लाख अमेरिकी डॉलर का इनाम था। अब्दुल वली नाम के इस दहशतगर्द को उमर खालिद खोरासानी के नाम से भी जाना जाता था। तो अब यह सवाल उठा है कि आखिर इस घटना में तालिबान और हक्कानी गुट की क्या भूमिका है? क्या तालिबान शासन के तार अब पाकिस्तान के मार्फत अमेरिका से जुड़ रहे हैं? अनुमान लगाया गया था कि तालिबान की सरकार बनने से अफगानिस्तान में आतंकवादी गुटों के लिए अनुकूल स्थितियां बनेंगी। लेकिन फिलहाल उसका उलटा होते दिख रहा है। इसलिए इस घटनाक्रम को लेकर जिज्ञासा पैदा हुई है। खोरासानी की मौत पर पाकिस्तान के साथ-साथ तालिबान सरकार ने भी टिप्पणी करने से इनकार किया है। खोरासानी कभी पाकिस्तान सरकार के साथ किसी भी तरह की बातचीत के खिलाफ था। हालांकि पाकिस्तानी अधिकारियों का कहना है कि जब पाकिस्तान ने शांति वार्ता के लिए धार्मिक विद्वानों का एक प्रतिनिधिमंडल काबुल भेजा, तो इस प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा करने वाले टीटीपी प्रतिनिधिमंडल में खोरासानी को भी शामिल किया गया था। वैसे ये वार्ता अधर में ही थी, जिसमें प्रगति के संकेत ना के बराबर थे।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर प्रयोगशाला का आईआईटी दिल्ली में गोयल ने किया उद्घाटन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मंत्री पीयूष गोयल ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) जैसी सार्वजनिक प्रणालियों को अधिक कारगर बनाने के लिए इस क्षेत्र में नवप्रवर्तन पर बल दिया और वह आईआईटी दिल्ली में पब्लिक सिस्टम्स लैब (सार्वजनिक प्रणालियों की प्रयोगशाला) के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। उनके पास वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और कपड़ा मंत्रालय का प्रभार है।

श्री गोयल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमवार को स्वाधीनता दिवस संबोधन में जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान के साथ जय अनुसंधान के प्रधानमंत्री के आह्वान का उल्लेख करते हुए कहा, अमृत काल में प्रवेश करने के पहले दिन सार्वजनिक प्रणालियों संबंधी प्रयोगशाला का शुभारंभ करने का इससे अच्छा अवसर कोई और नहीं हो सकता है। सार्वजनिक प्रणाली प्रयोगशाला की स्थापना के लिए आईआईटी दिल्ली और विश्व खाद्य कार्यक्रम की सराहना करते हुए श्री गोयल ने कहा कि किए जा रहे शोध कार्य दुनिया को सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक कुशल और प्रभावी बनाने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार के उपयोग को प्रदर्शित करेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह प्रयोगशाला सार्वजनिक खाद्य खरीद और वितरण जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक कार्यक्रमों और उनकी प्रणालियों के क्षेत्र में यह नवाचार के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक प्रणाली प्रयोगशाला नवाचार का एक आदर्श उदाहरण है जो हमारे राष्ट्र के विकास में योगदान देगा और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में दक्षता लाकर देश को भ्रष्टाचार से छुटकारा दिलाएगा।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने के लिए नवाचार और अभिनव समाधानों के उपयोग पर सरकार के विशेष ध्यान के बारे में श्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई ) जैसी सरकारी पहलों के माध्यम से, भारत खाद्य सुरक्षा से निपटने में दुनिया के लिए एक आदर्श प्रस्तुत कर रहा है। कोविड-19 की भयावह महामारी के बावजूद, सरकार ने एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड के माध्यम से सभी के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह प्रयोगशाला संचालन अनुसंधान, एआई, डेटा विज्ञान आदि के ज्ञान का उपयोग उन महत्वपूर्ण समस्याओं को हल करने के लिए करेगी जो करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इसके कार्य खाद्य, स्वास्थ्य, परिवहन और सुशासन के क्षेत्र में सुधार की दृष्टि से महत्वपूर्ण होंगे।

# इंग्का समूह करेगा 3500 करोड़ का निवेश



**गुरूग्राम ।** आइकिया रिटेल और इंग्का इंवेस्टमेंट्स का संचालन करने वाली कंपनी इंग्का समूह ने दिल्ली एनसीआर के गुरूग्राम में 17 लाख वर्ग फुट में अत्याधुनिक इंग्का सेंटर्स के निर्माण पर 3500 करोड़ रुपये अर्थात 40 करोड़ पाउंड का निवेश करेगी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज इसके निर्माण के लिये आधारशिला रखा। इस मौके पर भारत में स्वीडन के राजदूत क्लास मोलिन भी मौजूद थे। यह सेंटर्स गुरूग्राम के सेक्टर 47 में बनेगा। इसके पूरी तरह से तैयार होने पर इसमें 2500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। वर्ष 2025 तक इसके बनकर तैयार होने का अनुमान है और हर वर्ष करीब दो करोड़ लोगों के आने का अनुमान है। यह मिश्रित उपयोग वाला स्थल होगा जहां रिटेल के साथ ही वर्कस्पेस भी होगा। इसमें लैंडस्केप स्काई रूफ गार्डन, एंफिथियेटर भी होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्माण देश एवं इस क्षेत्र के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक विश्वस्तरीय रिटेल एवं लेजर गतंव्य होगा। इससे रोजगार एवं निवेश के अवसर भी बढेंगे। यह परियोजना उनकी विकास योजनाओं का एक और प्रमाण है।

इंग्का सेंटर्स की प्रबंध निदेशक सिंडी एंडरसन ने कहा कि यहां आइकिया का नया स्टोर भी होगा जो 2.50 लाख वर्ग फुट में फैला होगा। उन्होंने आज के दिन को रोमाचंक सफर की शुरूआत वाला बताते हुये कहा कि हम दुनिया में जहां बहुत ज्यादा लाग रहते हैं उनके करीब जाने की अपनी रणनीति में तेजी ला रहे हैं। आइकिया और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर एक ऐसा जीवंत सेंटर बनाने के प्रति आशान्वित हैं जहां पर लोग ज्यादा सतत तरीके से काम कर सके और विकास में अपना योगदान दे सके।

# वाडा के परिचालन अधिकारी फ्रेडरिक डोंजे का निधन

**मॉन्ट्रियल ।** विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) फ्रेडरिक डोंजे का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया है। वाडा ने बुधवार को यह जानकारी दी हैं। श्री डोंजे 50 वर्ष के थे। वाडा के अध्यक्ष विटोल्ड बांका ने कहा, यह उन सभी के लिए एक अविश्वसनीय रूप से दुखद समय है जो फ्रेडरिक डोंज को जानते थे। मुझे यकीन है कि वैश्विक डोपिंग रोधी समुदाय इस दुखद समय में फ्रेड के परिवार के प्रति हमारी सबसे ईमानदार संवेदना व्यक्त करने में वाडा के साथ शामिल है। उन्होंने कहा, श्री डोंजे एजेंसी के अभिन्न अंग थे। डोपिंग रोधी और सामान्य रूप से खेल के सभी पहलुओं के बारे में उनका ज्ञान, एथलीटों के लिए वास्तविक परिणाम देने वाला उनका जुनून और संचालन, उनके जाने से हमारे संगठन में गैप पैदा हो गया है। उन्होंने कहा, डोपिंग रोधी में उनके योगदान के अलावा उनकी मानवता, हस्मुख और मिलनसार स्वभाव के लिए हम सभी उन्हें सबसे अधिक याद करेंगे।

श्री डोंज़े वर्ष 2002 में मीडिया रिलेशंस एंड कम्युनिकेशंस मैनेजर के रूप में वाडा में शामिल हुए।

# खुशखबरी! सीएनजी का दाम 6 तो पीएनजी में हुई 4 रुपए की कटौती



**नई दिल्ली ।** महानगर गैस लिमिटेड ने पाइप के जरिए सप्लाई की जाने वाली रसोई गैस पीएनजी और गाडियों में फ्यूल के रूप में इस्तेमाल होने वाली सीएनजी की कीमतों में कटौती की है। नई कीमतें आज बुधवार से लागू हो गई हैं।

सीएनजी-पीएनजी की कीमतों में गिरावट सरकार के उस फैसले के बाद आई है, जिसमें घरेलू प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने पर जोर दिया गया था। एमजीएल की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि सीएनजी के दाम 6 रुपये प्रति किलोग्राम घटा दिए गए हैं, जबकि पीएनजी के रेट में 4 रुपये प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (एससीएम) की कटौती की गई है। मुंबई में अब सीएनजी 80 रुपए किलो और पीएनजी 48.50 रुपए प्रति एससीएम पहुंच गई है।

एमजीएल ने कहा है कि कीमतों में कटौती के बाद ग्राहकों की बचत और बढ़ गई है। अगर वाहनों में इस्तेमाल होने वाले अन्य ईंधन के मुकाबले देखें तो सीएनजी के इस्तेमाल पर 48 फीसदी की बचत होगी, जबकि रसोई गैस में इस्तेमाल होने वाले अन्य साधनों की तुलना में पीएनजी पर खाना बनाना 18 फीसदी सस्ता रहेगा। इस तरह ग्राहकों की बचत भी बढ़ जाएगी।

एमजीएल ने अगस्त के पहले सप्ताह में सीएनजी और पीएनजी के रेट बढ़ा दिए थे, जो अप्रैल से अब तक छठी बढ़ोतरी थी। तब कंपनी ने पीएनजी के रेट 4 रुपये और सीएनजी के 6 रुपये बढ़ाए थे। इसी कीमत को एक तरह से अब वापस ले लिया गया है। कीमतों में कटौती का स्वागत करते रिक्शा यूनियन के नेता थंपी कुरियन ने कहा कि यह ऑटो रिक्शा चालकों के साथ मुंबईवासियों के लिए भी अच्छा फैसला है। इसके बावजूद हमें रिक्शा के मिनिमम किराये में 3 रुपये की बढ़ोतरी करनी पड़ेगी। अभी मिनिमम किराया 21 रुपये है।

# एआईएफएफ के निलंबन को लेकर केंद्र और फीफा के बीच बातचीत जारी, एससी सोमवार को करेगा सुनवाई



**नई दिल्ली ।** विश्व फुटबॉल संचालन संस्था फीफा द्वारा भारतीय फुटबॉल महासंघ को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने पर केंद्र सरकार एक्शन में आ गई है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में मामले को लेकर सुनवाई हुई। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि फीफा अधिकारियों से बातचीत चल रही है। अंडर-17 विश्व कप के आयोजन और भारतीय फुटबॉल महासंघ के निलंबन को लेकर बातचीत का दौर जारी है। सुप्रीम कोर्ट में मामले को लेकर अगली सुनवाई सोमवार को होगी।

दरअसल, मंगलवार को फीफा द्वारा एआईएफएफ को बैन करने पर केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले पर जल्द से जल्द सुनवाई की मांग की थी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और एएस बोपन्ना की पीठ को बताया था कि फीफा ने भारत को निलंबित करते हुए एक पत्र भेजा है जो पब्लिक डोमेन में है और इसे रिकॉर्ड में लाने की जरूरत है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले पर जल्द से जल्द सुनवाई की मांग की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि बुधवार की तारीख तय की जा चुकी है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा अनुरोध किए जाने के बाद फीफा द्वारा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को निलंबित करने से संबंधित मामले पर सुनवाई सोमवार तक के लिए टाल दी है। कोर्ट ने केंद्र से अंडर-17 विश्व कप के आयोजन को सुनिश्चित करने और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के निलंबन को हटाने के लिए सक्रिय कदम उठाने को कहा है।

केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाले एसजी तुषार मेहता ने एससी को बताया कि मामले पर और क्या-क्या किया जा सकता है। इसके बारे में कई कारकों पर विचार करते हुए मंगलवार को केंद्र ने फीफा के साथ इस मुद्दे को उठाया और उसमें प्रशासकों की समिति ने भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फीफा भी मामले को ठीक तरह से सुन रहा है। एसजी तुषार मेहता ने बताया कि सरकार अब खुद फीफा से बात कर रही है। सफलता मिलने की उम्मीद है।

# पहले महिला अंतरराष्ट्रीय एफटीपी में खेले जाएंगे 301 मुकाबले




**दुबई ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पहले महिला भविष्य टूर कार्यक्रम (एफटीपी) की घोषणा की, जिसमें 2022 से 2025 तक 301 अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल किये गये हैं।

यह महिला क्रिकेट के इतिहास का पहला एफटीपी है। इसकी शुरुआत इस साल मई में हो चुकी है, जबकि इसका समापन 2025 के महिला एकदिवसीय विश्व कप के साथ होगा।

महिला क्रिकेट के लिये तैयार किये गये तीन-वर्षीय चक्र में सात टेस्ट, 159 टी20 अंतरराष्ट्रीय और 135 एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे।

इस चक्र में 2025 विश्व कप की चलीफिकेशन के लिये 2022-25 के आईसीसी चैंपियनशिप मुकाबले भी शामिल हैं।

इस चक्र में इंग्लैंड सबसे अधिक टेस्ट (पांच) खेलेगा। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया चार, दक्षिण अफ्रीका तीन और भारत दो टेस्ट खेलेगा।

भारतीय महिलाओं को घर में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच खेलना है। इंग्लैंड ने आखिरी बार 2005 में, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 1984 में भारत में टेस्ट खेला था।

आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा, यह महिलाओं के खेल के लिए बहुत बड़ा क्षण है। यह एफ़टीपी न केवल भविष्य के क्रिकेट दौरों की पुष्टि करता है बल्कि एक संरचना के लिए आधार भी तैयार करता है जो आने वाले वर्षों में विकसित होना निश्चित है।

मार्च 2023 में महिला एफ़टीपी में एक स्पष्ट खिडक़ी भी है, जिसे महिला आईपीएल के उद्घाटन सत्र के लिए खाली छोड़ा गया है।

# क्रिमिनल जस्टिस: अधूरा सच में अपने किरदार को लेकर श्वेता बसु प्रसाद ने किया खुलासा



बॉलीवुड एक्ट्रेस श्वेता बसु प्रसाद अपनी अपकमिंग सीरीज क्रिमिनल जस्टिस: अधूरा सच को लेकर काफी चर्चाओं में है। उन्होंने सीरीज में अपने किरदार को मजबूत बनाने के लिए काफी मेहनत की। एक्ट्रेस ने बताया कि वह किरदारों की बैकस्टोरी को फॉलो करती थी और इसकी गहराई तक जाती हैं।

एक्ट्रेस ने कहा, मैंने अपने किरदार लेखा को समझने के लिए एक बैकस्टोरी लिखी, अभ्यास किया। यह मेरे परफॉर्मेंस को शेप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह उस व्यक्ति को जानने का अभिन्न अंग है जिसे मैं पर्दे पर निभाने वाली हूं।

शो के तीसरे सीजन में एक्टर पंकज त्रिपाठी वकील माधव मिश्रा की भूमिका को दोहराते हुए दिखाई देंगे। अपने किरदार के बैकस्टोरी को जोडऩे वाले फैक्टर्स का खुलासा करते हुए, श्वेता ने कहा, बैकस्टोरी पर काम करते समय, मैं अपने किरदारों के बड़े होने के तरीके, पारस्परिक संबंधों, परवरिश, पसंदीदा, नापसंद जैसे फैक्टर पर विचार करती हूं।

ये सामूहिक रूप से किरदार को प्रभावित करते है। क्रिमिनल जस्टिस: अधूरा सच वेबसीरीज में स्वास्तिका मुखर्जी, पूरब कोहली, आदित्य गुप्ता, देशना दुगड़ और गौरव गेरा भी हैं।

# आनंद देवरकोंडा-स्टारर हाईवे का होगा सीधा ओटीटी रिलीज



जाने-माने सिनेमैटोग्राफर और निर्देशक के वी गुहान की बहुप्रतीक्षित मनोवैज्ञानिक थ्रिलर, हाईवे, जिसमें आनंद देवरकोंडा मुख्य भूमिका में हैं, सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म अहा पर 19 अगस्त को रिलीज होगी। नोवैज्ञानिक थ्रिलर में अभिषेक बनर्जी के साथ सयामी खेर और मनासा भी पहले कभी नहीं देखी गई भूमिका में होंगे।

निर्देशित और लिखित के.वी. गुहान और वेंकट तलारी द्वारा निर्मित, यह फिल्म एक फोटोग्राफर विष्णु (आनंद देवरकोंडा) के बारे में एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है, जिसे तुलसी (मनसा) से प्यार हो जाता है। जब सब कुछ बढिय़ा चल रहा होता है, तो एक सीरियल किलर अपनी महिला प्रेम का अपहरण कर लेता है।

# ‘रेड चिली कोकोनट चटनी’



क्यों न इस बार पकौड़े, नाचोज़ के साथ हरी चटनी या सालसा नहीं बल्कि रेड चिली कोकोनट चटनी सर्व करें, जो बढ़ा देगी खाने का जायका। जानते हैं इसकी रेसिपी।

### सामग्री :

**चटनी के लिए-** कद्दूकस किया नारियल- 1 कप, भुना चना- 2 टेबलस्पून, कद्दूकस किया अदरक- 1/2 टीस्पून, साबुत लहसुन- 3-4, कश्मीरी साबुत लाल मिर्च- 6-8, हींग- 1/4 टीस्पून, नमक- 1/2 टीस्पून, इमली का गूदा- 2 टीस्पून, कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून, पानी- 1/2 कप

**तड़के के लिए-** तेल- 1 टेबलस्पून, सरसों के बीज- 1/2 टीस्पून, जीरा- 1/2 टीस्पून, हींग- 1/4 टीस्पून, करी पत्ता- 10-12, साबुत लाल मिर्च- 2-3

### विधि :

- मिक्सी में नारियल, भुना चना, अदरक, लहसुन, कश्मीरी लाल मिर्च, हींग, नमक, इमली का गूदा डालकर पीस लें।
- स्मूद पेस्ट बनाने के लिए आधा कप पानी डाल दें।
- आवश्यकतानुसार इसमें नमक मिला लें।
- सर्विंग बाउल में चटनी निकाल लें।

**तड़के लगाने के लिए-** तड़का पैन में तेल गरम करें। जैसे ही ये गरम हो जाए इसमें घी या तेल डालें।

- इसके बाद सरसों के बीज और जीरा डालकर तड़काएं।
- फिर हींग, करी पत्ते, साबुत लाल मिर्च डालें और 2-3 सेकेंड तक भूनें।
- अब इस तड़के को चटनी के ऊपर डाल दें और सारी चीज़ों को एक साथ मिक्स कर लें।
- सर्विंग के लिए तैयार है चटनी।

# शब्द सामर्थ्य- 166

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 8 | | | ■ | 9 | | | | ■ |
| 10 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ | 11 |
| | ■ | 12 | | | ■ | ■ | 13 | |
| 14 | 15 | ■ | | ■ | 16 | 17 | | |
| ■ | | ■ | 18 | | | | ■ | ■ |
| 19 | | | | ■ | | ■ | 20 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 165 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

# सू-दोकू- 166

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.165 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# आज का राशिफल

आज का राशिफल

मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी अधूरे कार्य के पूर्ण होने से धनागम सुनिश्चित होगा। आज आपके सामाजिक व्यवहारों में वृद्धि होगी। मध्यान के बाद परिस्थिति प्रतिकूल बनने लगेंगी सेहत के साथ साथ कार्य क्षेत्र पर भी अधिक ध्यान देना पड़ेगा। परिजनों से मधुरता बनाएँ रखे। गुस्से पर नियन्त्रण रखें। योगा व हल्का व्यायाम करें, स्वास्थ्य सुधार होगा।

वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। स्वभाव से चंचल रहेंगे। किसी की भी बातो को बिना तथ्य जाने सच न माने। बुरानी बीमारियों में आज थोड़ा सुदर आएगा फिर भी लापरवाही से बचें। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन सामान्य रहेगा। आय-व्यय लगभग समान ही रहेंगे। स्वास्थ्य लाभ होगा।

मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)

आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। विरोध करने वालो को अपनी गलती का अहसास होगा। कार्य क्षेत्र पर आज अनमने मन से ही कार्य करेंगे। धन लाभ अल्प मात्रा में होगा। संध्या के आस-पास अपने बुद्धि विवेक से कुछ रुके काम बना लेंगे जिससे निकट भविष्य में आय की संभावना बनेगी। अधिकारी एव परिजनों को मेहनत से प्रसन्न करें। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

आज के दिन आप अधिक परिश्रम के कारण शारीरिक शिथिलता अनुभव करेंगे लेकिन परिश्रम का सकारात्मक फल मिलने से उत्साहित भी रहेंगे। आवश्यकता अनुसार धन की आमद हो ही जाएगी। उधार दिए धन की वसूली की लिए समय उपयुक्त है परंतु आर्थिक व्यवहारों में आज गरमा गर्मी से बचे उधार आज किसी से ना लें। सेहत सही रहेगी।

सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

आज का दिन आपकी सुख शांति में वृद्धि करेगा। व्यापार व्यवसाय में आकस्मिक लाभ के सौदे मिलने से भविष्य की योजनाएं गति लेंगी। नौकरी पेशा जातको को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा जिससे सम्मान की प्राप्ति भी होगी। परिजनों का सहयोग प्राप्त होगा। स्वास्थ्य आज सामान्य बना रहेगा।

कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

आज आप आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रयास करेंगे। आप पूरी निष्ठा एवं तैयारी के साथ अधूरे कार्य पूर्ण करने में लग जाएंगे। सहकर्मियों का सहयोग अपेक्षा से कम ही रहेगा फिर भी धन लाभ में ज्यादा व्यवधान नही आएंगे। बड़ो का आशीर्वाद फलिल होगा। पारिवारिक वातावरण सामान्य व सम्बन्ध मधुर रहेगे। सुखोपभोग की वस्तु खरीदने की योजना बनेगी। सेहत बढिया रहेगी।

तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)

आज आप दिन का समय शांति से बिताएंगे। कोई समाचार प्राप्त हो सकता है। धार्मिक भावनाएं आज बलवती रहेंगी। धर्म के कामो में समय एवं धन व्यय करेंगे। आर्थिक रूप से आज का दिन आपके बौद्धिक एवं शारीरिक परिश्रम पर ज्यादा